# एनएसएमसीएच अस्पताल मे एक दिवसीय 'गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस' पर कार्यशाला का  आयोजन :

बिहटा - बिहटा के अमहारा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कके सभागार मे फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा क्लिनिकल रिसर्च एथिक्स कमेटी  के सहयोग से "गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस" का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का बिधिवत उद्घाटन संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री कृष्ण मुरारी, प्राचार्य डॉ. अशोक शरण, संस्थान के डिन डॉ  हरिहर दीक्षित, डॉ अरविंद प्रसाद, डॉ  रंजीत कुमार सिंह, डॉ उदय नारायण सिंह, डॉ स्वर्णिमा सिंह, डॉ अमृतांश, पीजिआई चंडीगढ़ के प्रोफेसर डॉ. बिकाश मेधी,

डॉ. अजय प्रकाश, डॉ रेड्डी लैब हैदरावाद के प्रोफ़ेसर डॉ. रोहित आर. देसाई,

डॉ.इश्तियाक अहमद,डॉ. गंधम रवि, सहायक प्राध्यापक,डॉ. शिल्पी मिश्रा, सहायक प्राध्यापक,     डॉ. शंतनु वत्स, सीनियर रेजिडेंटने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर देश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों ने जी सी पी के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिया. विशेषज्ञों ने जी सी पी के सिद्धांत, नैतिक मानदंड, अनुसंधान में प्रतिभागियों की सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, और नैतिक समीक्षाएं जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए छात्रों को मार्गदर्शन किया. एमडी/एमएस छात्रों को रिसोर्स फैकल्टी एवं अन्य विशेषज्ञों द्वारा थीसिस शोध संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे वे अपने शोध कार्य में रोगियों की सुरक्षा एवं डेटा की अखंडता सुनिश्चित कर सकें.

संस्थान के पीजी के छात्रों, फैकल्टी सदस्यों एवं शोधकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता से कार्यशाला अत्यंत सफल और ज्ञानवर्धक रहा

कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए. यह कार्यशाला चिकित्सा अनुसंधान में नैतिकता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सराही गई.